24/04/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

अरुणाचल प्रदेश की अरुणाचल वेस्ट लोकसभा सीट के चार विधानसभा क्षेत्रों में आठ मतदान केंद्रों पर आज पुर्नमतदान सूचारू और शांतिपूर्वक संपन्न हुआ जिसमें कुल उन्यासी दशमलव आठ प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग ने इन मतदान केंद्रों पर 19 अप्रैल को लोकसभा तथा विधानसभा के लिए हुए मतदान को निरस्त कर दिया था और चौबीस अप्रैल को पुर्नमतदान की तारिख तय की थी। बामेंग और न्यापिन विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक, रूमगोंग में दो और नाचो विधानसभा क्षेत्र में चार मतदान केंद्रों पर पुर्नमतदान हो रहा है। अरुणाचल प्रदेश में दो संसदीय सीटों और नई विधानसभा के लिए एक ही चरण में उन्नीस अप्रैल को एकसाथ चुनाव हुआ था।

000000000000000000

सर्वोच्च न्यायालय ने वोटर मतदान पुष्टि पर्ची-वीवीपैट के साथ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन-ईवीएम में वोटों की गिनती का शत-प्रतिशत सत्यापन करने की मांग करने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने ईवीएम की कार्यप्रणाली के बारे में निर्वाचन आयोग से कई प्रश्न पूछे। आयोग ने आश्वासन दिया कि किसी भी स्तर पर ईवीएम से छेड़छाड़ असंभव है। आयोग ने कहा कि अब तक 41 हजार 629 मामलों में चार करोड़ से अधिक वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया गया है। पीठ ने निर्वाचन आयोग पर विश्वास व्यक्त करते हुए कागजी मतपत्रों की वापसी के विचार से असहमति जताई। 000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जलवायु परिवर्तन के विषय को गंभीर बताते हुए इसके प्रभावों से निपटने के लिए वन संरक्षण की भूमिका पर जोर दिया है। राष्ट्रपति ने आज देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान में भारतीय वन सेवा परिवीक्षाधीन अधिकारियों के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जाति जानबूझकर वनों के महत्व को भूलने की गलती कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मनुष्य पृथ्वी के अमूल्य संसाधनों का मालिक नहीं बल्कि संरक्षक है।राष्ट्रपति ने परिवीक्षा अधिकारियों को वनों के संरक्षण, संवर्धन और पोषण के महत्वपूर्ण कर्तव्यों को निभाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे इस जिम्मेदारी का दिल से निर्वहन करेंगे।दीक्षांत समारोह में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के 2022-24 कोर्स के 99 परिवीक्षाधीन अधिकारियों को स्नातक की डिग्री प्रदान की गई।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचायती राज दिवस पर देशवासियों को बधाई दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ग्रामीण भारत में बदलाव लाने और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने वालों की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि सरकार पंचायती राज संस्थानों को मजबूत बनाने  और लोगों के सपनों को पूरा करने का कार्य जारी रखेगी। इस बीच पंचायती राज दिवस के अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने  नई दिल्ली में एक दिन की राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित तौर पर पंचायत चुनाव कराना 73वें संविधान संशोधन की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

उन्होंने जन प्रतिनिधियों के लिए न्यूनतम योग्यता की आवश्यकता पर भी अपने विचार रखे। श्री भारद्वाज ने सभी पंचायतों के बीच संसाधनों के समान बंटवारे को सुनिश्चित करने के महत्व पर भी बल दिया।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाईक ने मोह-मोल के अवसर पर राज्यवासियों विशेषकर तांगसा समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने इस त्यौहार के अवसर पर राज्य में शांति, सद्भाव और संमृद्धि की कामना की। राज्यपाल ने राज्य और विशेष रुप से तांगसा लोगों की समृद्ध संस्कृति को संरक्षित करते हुए इस परंपरा को जारी रखने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की। इस बीच राज्यपाल ने गुमकुम गुम्पा के उत्सव के अवसर पर पुरोइक समुदाय के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह उत्सव उनके और अन्य जनजातियों के बीच एकता को ओर मजबूत करेगा। राज्यपाल ने पुरोइक लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी लाभों के महत्व पर भी जोर दिया। राज्यपाल के टी परनाइक ने इस त्यौहार के दौरान न केवल पुरोइक लोगों के बीच बल्कि अरुणाचल प्रदेश के सभी लोगों के बीच सद्भाव और मजबूत संबंधो की कामना की।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बेहतर कल के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे में निवेश जरूरी है। प्रधानमंत्री ने आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर छठे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक वीडियो संदेश में कहा कि आपदाओं को अक्सर आर्थिक नुकसान की दृष्टि से देखा जाता है लेकिन इनका व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर वास्तव में बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने नई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और आपदा के बाद पुनर्निर्माण के प्रयासों में मजबूती के पहलू पर जोर दिए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। श्री मोदी ने कहा कि आपदाओं का प्रभाव सीमाओं से परे होता है और इससे निपटने के लिए देशों के बीच परस्पर सहयोग जरूरी है। दो दिन का यह सम्मेलन कल नई दिल्ली में संपन्न होगा। 0000000000000000000

पद्मश्री यानुंग जामोह लेगो का कल पासीघाट में लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। श्रीमती लेगो को पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त हुआ। श्रीमती लेगो आदि समुदाय से दूसरे पद्मश्री प्राप्तकर्ता है। राज्य कृषि विभाग के पूर्व उपनिदेशक श्रीमती लेगो तीन दशकों से अधिक समय से हर्बल चिकित्सा और पारंपरिक उपचार का अभ्यास कर रहे है और न केवल पूर्वोत्तर बल्कि विदेशों के मरीजो की भी सेवा कर रहे है। इस बीच ईस्ट सियांग जिला उपायुक्त ताई ताग्गु ने भी श्रीमती लेगो को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनकी दृढ़ता के प्रमाण के रुप में सराहना की।

0000000000000000000

भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान के विद्यार्थी चिदानंद नाइक की फिल्म "सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो" को 77वें कान फिल्मोत्सव के 'ला सिनेफ' प्रतिस्पर्धी खंड के लिए चुना गया है। महोत्सव का यह खंड नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता है। यह खण्ड दुनिया भर के फिल्म संस्थानों की फिल्मों को मान्यता प्रदान करता है। फिल्म में एक बुजुर्ग महिला को एक मुर्गे को चुराने के कारण उसके परिवार को गांव से निर्वासित कर दिया जाता है।